भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3197
जिसका उत्तर 28 मार्च, 2023 को दिया गया

बिजली की आवश्यकता, मांग और आपूर्ति

3197. श्री सतीश चंद्र दूबे:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने आगामी पांच वर्षों के लिए व्यस्ततम और अव्यस्ततम दोनों समय में बिजली की आवश्यकता, मांग और आपूर्ति का राज्य-वार कोई आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो संभावित क्षमता वृद्धि सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) बिजली की मांग और इसमें निवेश की जा रही राशि को पूरा करने के लिए क्या आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) और (ख) : केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा नवंबर, 2022 में प्रकाशित, 20वीं इलेक्ट्रिक पावर सर्वे (ईपीएस) रिपोर्ट में देश के लिए वर्ष 2021-22 से वर्ष 2031-32 के लिए विद्युत की अनुमानित मांग के साथ-साथ वर्ष 2036-37 तथा वर्ष 2041-42 के लिए संभावित विद्युत की अनुमानित मांग को शामिल किया गया है।

वर्ष 2022-23 से वर्ष 2026-27 तक देश की अनुमानित ऊर्जा आवश्यकता और व्यस्तम मांग के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरे **अनुबंध** में दिए गए है।

(ग) : विद्युत की मांग को पूरा करने और उसमें निवेश के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे कदम निम्नानुसार हैं:

(i) विद्युत की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, नई विद्युत उत्पादन क्षमता अभिवृद्धि की जरूरत है। वर्ष 2022-27 की अवधि के लिए राष्ट्रीय विद्युत योजना के के अनुसार प्रारूप अनुमोदनाधीन है, वर्ष 2022-27 के दौरान 8680 मेगावाट/34720 एमडबल्यूएच बैटरी भंडारण के साथ-साथ लगभग 210

गीगावॉट की अतिरिक्त उत्पादन क्षमता संस्थापित करने के लिए लगभग 14.54 लाख करोड़ रुपए के निवेश की आवश्यकता होगी।

(ii) देश में 25,440 मेगावाट क्षमता के ताप विद्युत संयंत्र निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं।

(iii) कुल 17803.5 मेगावाट की जलविद्युत परियोजनाएं (25 मेगावाट से अधिक) कार्यान्वयनाधीन हैं।

(iv) 8,700 मेगावाट क्षमता के परमाणु विद्युत संयंत्र निर्माणाधीन हैं और 7000 मेगावाट के परमाणु विद्युत संयंत्रों को संस्वीकृति प्रदान की गई है।

(v) विद्युत उत्पादन और विद्युत की मांग में वृद्धि के अनुरूप राष्ट्रीय ग्रिड की क्षमता का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। अखिल भारतीय आधार पर प्रति वर्ष लगभग 17,500 सीकेएम पारेषण लाइनें और 80,000 एमवीए परिवर्तन क्षमता अभिवृद्धि (220 केवी और इससे अधिक वोल्टेज स्तर) करने की योजना है। राष्ट्रीय ग्रिड की वर्तमान अंतर-क्षेत्रीय क्षमता 1,12,250 मेगावाट है और वर्ष 2030 तक इसके लगभग 1,50,000 मेगावाट तक बढ़ जाने की संभावना है।

(vi) सरकार ने वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से 50 प्रतिशत संचयी विद्युत ऊर्जा संस्थापित क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। फरवरी, 2023 तक की स्थिति के अनुसार, भारत की कुल यूटिलिटी स्केल संस्थापित सौर क्षमता लगभग 64.4 गीगावॉट है। फरवरी, 2023 तक की स्थिति के अनुसार, भारत की कुल संस्थापित पवन क्षमता लगभग 42 गीगावॉट है। फरवरी, 2023 तक की स्थिति के अनुसार, कुल 412 गीगावॉट क्षमता में से गैर-जीवाश्म आधारित कुल क्षमता लगभग 176 गीगावॉट है। वर्ष 2029-30 के अंत तक देश की गैर-जीवाश्म ईंधन की संभावित संस्थापित क्षमता लगभग 500 गीगावॉट होगी।

****

अनुबंध

राज्य सभा में दिनांक 28.03.2023 को उत्तर दिए गए अतारांकित प्रश्न संख्या 3197 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

देश में वर्ष 2022-23 से 2026-27 तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार अनुमानित ऊर्जा आवश्यकता

(मिलियन यूनिट में)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**	**2026-27**
चंडीगढ़	1737	1783	1827	1869	1911
दिल्ली	35715	37346	39000	40771	42566
हरियाणा	62706	66926	71821	77217	82981
हिमाचल प्रदेश	12614	13172	13829	14522	15238
जम्मू व कश्मीर	19568	20811	21382	21800	22507
लद्दाख	210	233	259	288	321
पंजाब	66464	69686	73493	77571	81959
राजस्थान	101757	112368	119167	126118	133550
उत्तर प्रदेश	151152	159775	169529	179967	191138
उत्तराखंड	16301	17138	18087	19093	20142
उत्तरी क्षेत्र	468224	499239	528394	559218	592312
छत्तीसगढ़	36260	38528	41223	44130	47208
दादर नगर हवेली	7794	8165	8605	9072	9559
दमन और दीव	2840	2970	3121	3277	3437
गोवा	4630	4820	5038	5270	5512
गुजरात	139566	148082	158654	170323	182507
मध्य प्रदेश	98863	104600	111424	118751	128844
महाराष्ट्र	183777	191499	200087	209593	219726
पश्चिमी क्षेत्र	473729	498665	528152	560416	596793
आंध्र प्रदेश	72961	78134	84245	90889	98162
कर्नाटक	75202	77876	80922	84132	88232
केरल	27892	29244	30729	32281	33903
लक्षद्वीप	58	60	62	64	66
पुदुचेरी	3048	3136	3234	3332	3436
तमिलनाडु	115788	122102	129079	136399	144086
तेलंगाना	73229	77503	82316	87414	92967
दक्षिणी क्षेत्र	368179	388055	410587	434511	460853
अंडमान और निकोबार	345	350	357	363	368
बिहार	41814	45560	49438	53920	58256
डीवीसी	17624	18757	20100	21550	23087
झारखंड	19334	20677	22112	23846	25463
ओडिशा	43060	43582	44985	46689	48627
सिक्किम	651	689	730	773	819
पश्चिम बंगाल	60163	63564	67518	71820	76352
पूर्वी क्षेत्र	182992	193179	205240	218961	232971
अरुणाचल प्रदेश	916	964	1012	1064	1117
असम	11972	12679	13454	14279	15151
मणिपुर	1089	1152	1218	1289	1363
मेघालय	2350	2437	2527	2618	2711
मिजोरम	897	978	1063	1156	1252
नागालैंड	909	953	997	1041	1088
त्रिपुरा	1663	1913	1991	2073	2222
पूर्वोत्तर क्षेत्र	19796	21076	22261	23521	24904
अखिल भारतीय	1512918	1600214	1694634	1796627	1907835

वर्ष 2022-23 से 2026-27 तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार देश की अनुमानित व्यस्तम मांग

(मेगावाट में)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**	**2026-27**
चंडीगढ़	435	449	464	478	492
दिल्ली	7770	8164	8571	9003	9460
हरियाणा	12788	13546	14411	15335	16337
हिमाचल प्रदेश	2119	2215	2328	2448	2571
जम्मू व कश्मीर	3075	3273	3369	3443	3566
लद्दाख	65	70	74	79	85
पंजाब	14327	14859	15502	16189	16925
राजस्थान	16291	17906	18959	20030	21175
उत्तर प्रदेश	26028	27531	29235	31061	33017
उत्तराखंड	2603	2742	2905	3072	3249
उत्तरी क्षेत्र	77767	82688	87457	92476	97898
छत्तीसगढ़	5358	5708	6132	6592	7081
दादर नगर हवेली	1021	1074	1138	1204	1273
दमन और दीव	405	424	447	470	493
गोवा	740	778	818	859	901
गुजरात	21550	22762	24291	25953	27710
मध्य प्रदेश	17009	17874	18914	20024	21592
महाराष्ट्र	30203	31495	32999	34567	36376
पश्चिमी क्षेत्र	70963	74704	79137	83986	89457
आंध्र प्रदेश	13363	14269	15337	16495	17758
कर्नाटक	15075	15636	16277	16947	17810
केरल	4592	4808	5044	5291	5549
लक्षद्वीप	12	12	12	13	13
पुदुचेरी	502	517	533	549	567
तमिलनाडु	17361	18336	19413	20545	21736
तेलंगाना	14663	15704	16877	18138	19529
दक्षिणी क्षेत्र	63424	67143	71362	75861	80864
अंडमान और निकोबार	61	63	64	66	67
बिहार	7495	8184	8908	9743	10553
डीवीसी	3248	3450	3689	3947	4220
झारखंड	2994	3163	3362	3576	3808
ओडिशा	6490	6635	6918	7252	7630
सिक्किम	141	150	159	169	179
पश्चिम बंगाल	10150	10726	11395	12123	12891
पूर्वी क्षेत्र	28737	30479	32544	34857	37265
अरुणाचल प्रदेश	180	190	201	211	223
असम	2376	2526	2689	2861	3045
मणिपुर	276	291	308	325	344
मेघालय	424	441	457	474	492
मिजोरम	170	184	199	215	231
नागालैंड	163	171	179	187	195
त्रिपुरा	356	421	452	484	531
पूर्वोत्तर क्षेत्र	3755	4029	4284	4556	4855
अखिल भारतीय	216966	230144	244565	260118	277201

****